प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

"आज के मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में किया सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन, कहा– देशवासियों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेगा सेवा तीर्थ।
- उच्चतम न्यायालय ने प्रदेश में पंचायती राज चुनाव 31 मई से पहले करवाने के दिए आदेश।
- आर.डी.जी. के मुद्दे पर शिमला में हुई सर्वदलीय बैठक–भाजपा ने कांग्रेस पर अमर्यादित भाषा का आरोप लगाते हुए बीच में ही छोड़ी बैठक।
- मुख्यमंत्री ने कहा– हिमाचल के लोगों का अधिकार है आर.डी.जी.–प्रदेश हित में राज्य सरकार की लड़ाई रहेगी जारी।
- विश्व रेडियो दिवस आज–प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री–सेवा तीर्थ
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया। यह उनका नया कार्यालय होगा। सेवा तीर्थ प्रणाली अपनाने के बाद लिए गए अपने पहले निर्णयों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री राहत योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा तीर्थ से एक सौ 40 करोड़ देशवासियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

पंचायत चुनाव
उच्चतम न्यायालय ने प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव इस वर्ष 31 मई से पहले करवाने के आदेश दिए हैं। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायाधीश न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने ये फैसला सुनाया। राज्य सरकार ने प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जिसमें 30 अप्रैल से पहले पंचायतीराज चुनाव करवाने का आदेश दिया गया था। उच्चतम न्यायालय के आज के आदेश के अनुसार राज्य सरकार को एक महीने की राहत मिली है। अदालत ने कहा कि पुनर्सीमांकन के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव टाले नहीं जा सकते।

सर्वदलीय बैठक
आर.डी.जी. बंद होने के मुद्दे पर राज्य सरकार ने आज शिमला में सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें कांग्रेस, भाजपा, सी.पी.एम., आम आदमी पार्टी और बसपा के सदस्यों ने भाग लिया। भाजपा ने बैठक को कांग्रेस का राजनीतिक एजेंडा बताते हुए बैठक के दौरान कांग्रेस सदस्यों के व्यवहार से नाराज होकर इसका बहिष्कार किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने आर्थिक कुप्रबंधन का ठीकरा केंद्र सरकार व पूर्व भाजपा सरकार के सिर फोड़ना चाहती है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि आज की बैठक में भी कांग्रेस की ओर से भाषा की मर्यादा का ख्याल नहीं रखा गया।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा आर.डी.जी. पर अपना मत स्पष्ट नहीं कर पाई और बिना कोई सुझाव दिए ही बैठक से चली गई। उन्होंने कहा कि आर.डी.जी. हिमाचल के लोगों का अधिकार है और कांग्रेस सरकार इसे लेकर लड़ाई लड़ती रहेगी।

सर्वदलीय बैठक–2
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में केंद्र सरकार ने प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी है लेकिन इसके बावजूद भी राज्य सरकार केंद्र पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है।

इस बीच माकपा नेता राकेश सिंघा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी हिमाचल के अधिकारों को लेकर हर मोर्चे पर निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

लोकसभा–दवा मौत

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि देश में कोडीन युक्त कफ सिरप के सेवन से किसी की मौत की कोई घटना सामने नहीं आई है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि जब भी किसी दवा से संबंधित मौत का मामला सामने आता है, सरकार तुरंत जांच का आदेश देती है। जे. पी. नड्डा ने कहा कि यदि कोई दवा उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई जाती है, तो उसे तुरंत बाजार से वापस मंगा लिया जाता है।

नड्डा दौरा

इस बीच जे.पी. नड्डा का कल से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आने का कार्यक्रम है। वे कल शाम बिलासपुर ज़िले में अपने पैतृक गांव विजयपुर पहुंचेगे। जे.पी. नड्डा 15 फरवरी को हमीरपुर के नेरी स्थित ठाकुर राम सिंह हिस्टोरिकल रिसर्च इंस्ट्रीच्यूट में एक बैठक में भाग लेंगे।

विश्व रेडियो दिवस

आज विश्व रेडियो दिवस है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– "रेडियो और एआई– एक उपकरण है, आवाज नहीं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार 16 फरवरी से शिमला में शुरू हो रहा है। सत्र से पहले सवा 12 बजे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और भाजपा के मुख्य सचेतक सुखराम चौधरी भाग लेगें। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में सत्तापक्ष व विपक्ष के सदस्यों से सत्र के संचालन में रचनात्मक सहयोग की अपील की जाएगी।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में किया सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन, कहा– देशवासियों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेगा सेवा तीर्थ।
- उच्चतम न्यायालय ने प्रदेश में पंचायती राज चुनाव 31 मई से पहले करवाने के दिए आदेश।
- आर.डी.जी. के मुद्दे पर शिमला में हुई सर्वदलीय बैठक–भाजपा ने कांग्रेस पर अमर्यादित भाषा का आरोप लगाते हुए बीच में ही छोड़ी बैठक।
- मुख्यमंत्री ने कहा– हिमाचल के लोगों का अधिकार है आर.डी.जी.–प्रदेश हित में राज्य सरकार की लड़ाई रहेगी जारी।
- विश्व रेडियो दिवस आज–प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।

____